अंखिया दरश को तरस रही है | Praveen Sharma |

तस्वीर तेरी दिल में माँ
मैं बसा के जाऊँ
मेरा आसरा है तू
आँखों के हार लेकर
तुझको ही माँ चढ़ाऊँ

अँखियाँ दरस की
तरस रही हैं सुबहो-शाम
ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम
नाम
ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम

मतलब की ये दुनिया सारी
जिसने बहुत रुलाया
सबने मुख को मोड़ लिया
वक़्त बुरा जब है आया

अपने बेगाने बने
दिल मेरा तोड़कर
ना मिला ज़िंदगी में
कहीं मुझको आराम

ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम
नाम
ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम

पैरों में चाहे छाले
तुझे ढूँढता फिरूँ
भटकी ना मंज़िलों से
ये आस मैं धरूँ
चल रहा चल रहा
भक्ति की राहों पर

बाँहें पकड़ ले मेरी
अब तो ना दूर कर
गिर ना जाऊँ ना ही भटकूँ
लेना मुझको माँ थाम

ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम
नाम
ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम

लाखों हज़ारों में एक
तेरा भी लाल है
रो रहा कोने में क्यों
इतना मलाल है

टूटे ना माँ उसका दिल
चरणों से जोड़ना
आस का पंछी है ये
ख़ाली ना मोड़ना

तेरे मंदिर के घंटे
आके बजाए हैं
बेड़े माँ पार तूने
सबके लगाए हैं
रूठे को है मनाना
मइया तेरा ही काम

शर्मा ने भगवती माँ
तुझको आवाज़ दी
जोड़े हैं हाथ दोनों
किया तुझको प्रणाम

ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम
नाम
ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम

अँखियाँ दरस की
तरस रही हैं सुबहो-शाम
ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम
नाम
ये साँस है जब तक
जपती रहूँ मैं तेरा नाम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%82%e0%a4%96%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a4%b6-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%a4%e0%a4%b0%e0%a4%b8-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-praveen-sharma/